प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 29.11.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार के पार्ट–2 कार्यकाल को लेकर जारी किया आरोप पत्र, गिनायी खांमियां, मुख्यमंत्री का पलटवार, कहा–राज्य का हो रहा सर्वांगीण विकास।
- केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने रांची में धरती आबा संग्रहालय का किया उद्‌घाटन, कहा–बिरसा मुंडा जेल को संग्रहालय के रूप में राष्ट्रीय फलक पर लाने का किया काम।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
- गिरिडीह से पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार, हजारीबाग से तीन अपराधी गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में जेवरात समेत कई सामान बरामद।
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की क्रिकेट श्रृंखला का पहला मैच कल रांची में, भारतीय कप्तान केएल राहुल ने कहा– टीम हर चुनौती से निपटने को तैयार।

*****************

हेमंत सरकार पार्ट–2 के एक वर्ष पूरा होने पर भाजपा द्वारा आज आरोप पत्र जारी किया गया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रांची स्थित प्रदेश कार्यालय में आरोप पत्र जारी करते हुए कहा कि सरकार ने चुनाव के समय राज्य की जनता से एक वोट, सात गारंटी का वायदा किया था, जिसे पूरा करने में नाकाम साबित हुई है। उन्होंने वर्तमान सरकार के छह वर्षों के कार्यकाल की खामियां गिनाते हुए कहा लोगों को धोखा ही धोखा मिला है।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विपक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि जब–जब झारखंड के साथ षडयंत्र की कोशिश होगी, तब–तब हम और बड़ी ताकत के साथ कामयाब होंगे। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड विरोधी लोग षडयंत्र करना छोड़ दें, तो राज्य के युवा सर्वांगीण विकास में ऐतिहासिक भागीदारी निभा सकते हैं।

*****************

बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर रांची के बरियातू स्थित आरोग्य भवन में धरती आबा संग्रहालय का उद्‌घाटन और क्रांति नायक धरती आबा बिरसा मुंडा पुस्तक का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर जनजातीय मामलों के केन्द्रीय मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से धरती आबा की जन्म स्थली उलिहातु का विकास हुआ है। श्री ओराम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची स्थित बिरसा मुंडा जेल को संग्रहालय के रूप में राष्ट्रीय फलक पर लाने का काम किया है।

इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पद्‌म भूषण राम बहादुर राय और पदमश्री अशोक भगत समेत कई गण मान्य लोग मौजूद थे।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

*****************

गिरिडीह पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दस मोबाइल, चौदह सिम और एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है।

इधर हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से बड़ी मात्रा में जेवरात, इलेक्ट्रॉनिक सामान और चोरी की अन्य वस्तुएँ बरामद की है।

*****************

टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने को लेकर जामताड़ा जिले के शिक्षण संस्थानों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*****************

सीमा सुरक्षा बल, बीएसएफ का 61वां स्थापना दिवस एक दिसंबर को मनाया जाएगा। हजारीबाग के मेरू स्थित सीमा सुरक्षा बल प्रशिक्षण केंद्र और विद्यालय की स्थापना 18 नवंबर 1966 को हुआ था। तब से यह केन्द्र देश सेवा में यह अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। बीएसएफ के डीआईजी डीके प्रमाणिक ने बताया कि इस केन्द्र में नवनियुक्त प्रशिक्षुओं को आधारभूत प्रशिक्षण दिया जाता है।

*****************

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज कल से शुरु हो रहा है। पहला मुकाबला रांची के जेएससीए स्टेडियम में दिन के डेढ़ बजे से होगा। मैच में करीब 30 हजार दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। दर्शकों को दिन के साढ़े दस बजे से स्टेडियम में प्रवेश दिया जायेगा। मैच से पहले आज दोनों टीमों के खिलाड़ियों जमकर पसीना बहाया। अभ्यास के बाद भारतीय टीम के कप्तान केएल राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि रांची में खेलना हमेशा खास रहा है, क्योंकि यह शहर क्रिकेट की धड़कनों से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि टीम हर चुनौती से निपटने के लिए निरंतर काम कर रही है।

रांची में क्रिकेट मैच को देखते हुए यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बताया कि मैच को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। उन्होंने बताया कि स्टेडियम और उसके आसपास पांच हजार से ज्यादा जवान तैनात रहेंगे।

*****************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने आज 54वें नेशनल जूनियर ओपन एंड गर्ल्स चेस चैंपियनशिप के मस्कट का अनावरण किया। मस्कट को गजराज का नाम और मॉडल दिया गया है। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस मौके पर झारखंड चेस एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद थे।

*****************

अरुणाचल में आयोजित 42वीं सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता आज झारखंड की बालिका और बालक टीम ने इंडियन राउंड में दो स्वर्ण पदक जीते। प्रतियोगिता में बालक टीम ने आंध्र प्रदेश को, जबकि बालिका टीम ने छत्तीसगढ़ को हराकर यह सफलता हासिल की।

*****************

हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में झारखंड की शिवानी कुमारी ने चार सौ मीटर हर्डल्स में रजत पदक अपने नाम किया। वहीं अरुणाचल प्रदेश में आयोजित स्कूली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड की श्रेया कुमारी ने कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है।

********समाप्त*********